<u>**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**</u>

<u>**जनवरी, 2021 माह का सारांश**</u>

जनवरी, 2021 माह की महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार हैं:

1. **पीएमकेवीवाई 3.0 का शुभारंभ:** भारत के युवाओं को रोजगारपरक कौशलों में सशक्त बनाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने 15 जनवरी को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 को लगभग 600 जिलों में प्रारम्भ किया। डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, माननीय केंद्रीय मंत्री, एमएसडीई ने श्री आरके सिंह, माननीय राज्य मंत्री, एमएसडीई के साथ लाइव-कम-वर्चुअल समारोह में पीएमकेवीवाई का तीसरा संस्करण प्रारम्भ किया। पीएमकेवीवाई 3.0 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों की अधिक जिम्मेदारियों और सहयोग के साथ, अधिक विकेन्द्रीकृत तरीके से कार्यान्वित किया जाएगा। यह नया कार्यक्रम मांग संचालित है और अपने दृष्टिकोण में विकेंद्रीकृत है। जिला कौशल समितियाँ (डीएससी), राज्य कौशल विकास मिशन (एसएसडीएम) के मार्गदर्शन में, जिला स्तर के कौशल अंतराल को दूर करने और माँग का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। नई योजना और अधिक प्रशिक्षार्थी तथा प्रशिक्षु केंद्रित होगी।

2. **प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ में कौशलीकरण संबंधी प्रस्तुति**: आगामी पांच वर्षों के लिए कौशल क्षेत्र के दृष्टिकोंण पर प्रधान सचिव, पीएमओ के समक्ष पहले 1 जनवरी को प्रस्तुति दी गई थी। इसी तरह की प्रस्तुति 8 जनवरी को प्रधान सलाहकार, पीएमओ के समक्ष दी गई थी।

3. **राज्यों के साथ बैठक**: पीएमकेवीवाई 3.0 को 15 जनवरी को प्रारम्भ करने के संबंध में राज्यों की तैयारी सहित विभिन्न मामलों की समीक्षा करने के लिए 11 जनवरी को माननीय मंत्री द्वारा सभी राज्यों के साथ एक आभासी बैठक की गई थी।

4. **एनसीवीईटी की चयन समिति**: राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्यों/गैर कार्यकारी सदस्यों के पदों के लिए उम्मीदवारों को शॉर्ट-लिस्ट करने के लिए मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में 20 जनवरी, 2021 को चयन समिति की बैठक आयोजित की गई थी।

5. **भारत और जापान के बीच सहयोग ज्ञापन (एमओसी)**: "विशिष्ट कुशल श्रमिकों" से संबंधित प्रणाली के समुचित संचालन के लिए साझेदारी करने के लिए एक बुनियादी ढांचे के संबंध में जापान सरकार और भारत सरकार के बीच 18 जनवरी को एक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्दिष्ट कौशल श्रमिक क्षेत्र में जापान के साथ भागीदारी करने के लिए सहयोग ज्ञापन करने के प्रस्ताव को 6 जनवरी, 2021 अनुमोदित किया था।

6. **स्ट्राइव की मध्यावधि समीक्षा**: विश्व बैंक सहायता प्राप्त कौशलीकरण कार्यक्रम कौशल के लिए औद्योगिक मूल्य संवर्धन (स्ट्राइव) कार्यक्रम का विश्व बैंक मध्यावधि समीक्षा मिशन (18-22 जनवरी) सफलतापूर्वक इस परियोजना को सामान्य रूप से संतोषजनक उच्च रेटिंग प्राप्त करने के साथ संपन्न हुआ।

7. **जीआईज़ेड के साथ करार**: विश्व बैंक सहायता प्राप्त कौशलीकरण कार्यक्रम, आजीविका के लिए कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (संकल्प) के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), मोटर वाहन कौशल विकास परिषद, महाराष्ट्र राज्य कौशल विकास समिति और जीआईज़ेड इंडिया के बीच मोटर वाहन समूह की प्रायोगिक परियोजना प्रशिक्षकों का समूह आधारित प्रशिक्षण के तहत 19 जनवरी 2021 को महाराष्ट्र के औरंगाबाद में एक बहु-पक्षीय प्रशिक्षण भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

8. **महात्मा गांधी फैलोशिप कार्यक्रम का विस्तार**: आईआईबीएम के माध्यम से डीएससी के क्षमता निर्माण के लिए उन्हें एमजीएनएफ़ फैलो प्रदान करके एक प्रायोगिक कार्यक्रम महात्मा गांधी फैलोशिप कार्यक्रम (एमजीएनएफ़) को आईआईएम बैंगलोर के साथ 2020 में आईआईएमबी द्वारा प्रारम्भ किया गया। पहले प्रायोगिक कार्यक्रम की सफल शुरूआत के साथ, देश के सभी शेष जिलों को कवर करने के लिए एमजीएनएफ़ चरण II कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। एमजीएनएफ़ में शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रतिष्ठा का स्तर बनाए रखने के लिए, नौ (9) आईआईएम अर्थात् आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम कोझीकोड, आईआईएम विशाखापत्तनम, आईआईएम - उदयपुर, आईआईएम रांची, आईआईएम - जम्मू और आईआईएम बैंगलोर का चयन किया गया है। शैक्षणिक भागीदार। फेलो का चयन एक सामान्य प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से आईआईएम बैंगलोर द्वारा किया जाएगा।

9. **मंत्रियों का समूह**: सचिव, एमएसडीई, उप-समूह संयोजक होने के नाते, रोजगार सृजन और कौशल विकास पर भारत सरकार की रिपोर्ट से संबंधित कार्रवाई/योजना पर एसजीओएस-4

(सामाजिक) की ओर से 13 जनवरी 2021 को मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा आयोजित बैठक में प्रस्तुति दी गई।

10. **राष्ट्रीय कौशल विकास निधि** : राष्ट्रीय कौशल विकास निधि (एनएसडीएफ़) के न्यासी बोर्ड की एक बैठक 21 जनवरी को आयोजित की गई थी, जिसमें निधि के कामकाज की समीक्षा की गई और धन जुटाने के लिए अभिनव मॉडल का सुझाव दिया गया था।

11. **राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति**: एनसीवीईटी की राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 5 वीं बैठक 29 जनवरी, 2021 को सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी, जिसमें 17 अर्हताओं अनुमोदित किया गया और 79 अर्हताओं को सशर्त अनुमोदित किया गया था। इसके साथ ही एनएसक्यूएफ़ में अब तक कुल 4128 अर्हताओं को संरेखित किया जा चुका है।

12. **एनसीवीईटी पक्षपोषण** : एनसीवीईटी द्वारा पाठ्यक्रम के प्रकार पर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने और उनके द्वारा सामना किए जा रहे कौशल प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के तरीके पर चर्चा करने के लिए मौजूदा कौशल विश्वविद्यालयों (सरकारी-2 और निजी-5) के साथ एक संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

13. **अवार्डिंग निकाय**: पश्चिम बंगाल राज्य तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा और कौशल परिषद (डबल्यूबीएससीटी एंड वीई एंड एसडी) को अल्पावधि एनएसक्यूएफ़ के लिए अवार्डिंग निकाय के रूप में मान्यता दी गई थी, जिसने 595 अर्हताओं का आकलन और प्रमाणीकरण किया, जिसके लिए एनसीवीईटी से अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

14. **पटल पर रखे कागजात से संबंधी समिति**: निस्बड, नोएडा की वार्षिक रिपोर्ट और अंकेक्षित लेखा-परीक्षित रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हुई देरी के संबंध में पटल पर रखे कागजात से संबंधी समिति के समक्ष 28 जनवरी, 2021 को मौखिक साक्ष्य दिया गया।

15. **निस्बड**: 2019-20 के लिए संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट के अनुमोदन सहित संस्थान से संबंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में 29.01.2021 को निस्बड की कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई।

16. **उत्तर पूर्वी राज्यों में कौशल विकास के बुनियादी ढांचे (ईएसडीआई) को बढ़ाना**: उत्तर पूर्वी राज्यों में कौशल विकास के बुनियादी ढांचे (ईएसडीआई) को बढ़ाने की योजना के विस्तार और युक्तिकरण के लिए स्थायी वित्त समिति की 12.01.2021 को बैठक हुई जिसमें इस स्कीम को अनुमोदित किया गया।

17. **कौशल भवन**: कौशल भवन के संबंध में प्रतिनिधि निवेश बोर्ड (डीआईबी) की एक बैठक 19 जनवरी को सचिव की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें इस प्रस्ताव को पूर्वव्यापी रूप से अनुमोदित किया गया।

18. **खिलौना उद्योग**: खिलौना उद्योग के कौशलीकरण संबंधी स्कीम के लिए संकल्पना नोट तैयार किया गया है और माननीय मंत्री, एमएसडीई के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

19. **निपुण:** निपुण (रक्षा उद्योगों के श्रमिकों के कौशलीकरण स्कीम) के लिए अवधारणा नोट को अंतिम रूप दिया गया और टिप्पणियों के लिए वित्त मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय को भेजा गया।

20. **दक्षता**: दक्षता के लिए संकल्पना नोट (आईटीआई के कायाकल्प के लिए एक व्यापक कार्यक्रम) तैयार किया गया और टिप्पणियों के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा गया।

21. **वामपक्ष उग्रवाद स्कीम**: वामपक्ष उग्रवाद प्रभावित जिलों में कौशलीकरण संबंधी वामपक्ष उग्रवाद स्कीम के विस्तार और युक्तिकरण के लिए एसएफ़सी का प्रारूप नोट टिप्पणी मांगने के लिए विभिन्न मंत्रालयों को परिचालित किया गया।

22. **शिल्पकार अनुदेश प्रशिक्षण स्कीम**: अखिल भारतीय कॉमन प्रवेश परीक्षा (एआईसीईटी-सीआईटीएस 2020) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के लिए शिल्पकार अनुदेश प्रशिक्षण स्कीम (सीआईटीएस) प्रवेश 2020-21 की काउंसलिंग पूरी हो गई है। रिक्त सीटों के लिए अंतिम स्थल प्रवेश जनवरी, 2021 के अंतिम सप्ताह में किया गया था।

23. **सिस्को के साथ समझौता ज्ञापन**: सिस्को ने, डीजीटी के साथ हुए समझौता ज्ञापन के तहत सात स्थानों- एनएसटीआई कानपुर, एनएसटीआई मुंबई, एनएसटीआई चेन्नई, एनएसटीआई कोलकाता, एनएसटीआई बेंगलुरु, एनएसटीआई (महिला) नोएडा और डीजीटी मुख्यालय पर सिस्को प्रमाणित नेटवर्क एसोसिएट (सीसीएनए) प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं।

24. **नए युग के पाठ्यक्रम**: प्रश्न बैंक और आठ नए युग के पाठ्यक्रम की सामग्री - योज्य विनिर्माण तकनीशियन (3 डी प्रिंटिंग), वैमानिकी संरचना और उपकरण फिटर, सौर तकनीशियन (विद्युत), भू-सूचना विज्ञान सहायक, स्मार्ट फोन तकनीशियन और ऐप परीक्षक, मृदा परीक्षण और फसल तकनीशियन, आईओटी तकनीशियन स्मार्ट सिटी और रिमोट पायलट विमान/ड्रोन पायलट को भारत कौशल में अद्यतन किया गया है।

25. **आईटीआई परीक्षा**: आईटीआई में कुल 137 ट्रेडों में से 67 ट्रेडों के प्रशिक्षुओं के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) चार चरणों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

****